जागरण

# नकली नोट व 34 मोबाइल बरामद, चार गिरफ्तार

Publish Date:Tue, 30 Jul 2019 11:22 PM (IST)



चोरी के मोबाइल फोन के आइएमईआइ नंबर बदलने और नकली नोट छाप कर उन्हें बाजार में चलाने वाले गिरोह के चार सदस्य दबोचे।

सहारनपुर जेएनएन। चोरी के मोबाइल फोन के आइएमईआइ नंबर बदलने और नकली नोट छाप कर उन्हें चलाने वाले चार आरोपितों को चिलकाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से एक लाख रुपये से ज्यादा कीमत के 34 मोबाइल फोन और एक लाख रुपये के नकली नोट बरामद हुए हैं।

रिजर्व पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी विनीत भटनागर ने बताया कि सोमवार शाम चेकिग के दौरान एसओ चिलकाना मनोज चौधरी व अभिसूचना विग टीम ने साइफन पुलिया के पास से चार संदिग्धों को पकड़ लिया। इनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 34 मोबाइल फोन, एक लाख 7600 रुपये के नकली नोट, प्रिटर, स्कैनर तथा लैपटॉप बरामद हुए। पूछताछ में चारों ने अपनी पहचान एहतेशाम पुत्र मुस्तकीम निवासी अहमदनगर खाताखेड़ी थाना मंडी, शोएब पुत्र सलीम निवासी शिवधाम कालोनी थाना मंडी, संदीप अरोड़ा व गुरदीप अरोड़ा पुत्र अशोक अरोड़ा निवासी नुमाइश कैंप कोतवाली नगर बताई। एसपी सिटी ने बताया कि गुरदीप व संदीप, सिटी प्लाजा स्थित अपनी मोबाइल शॉप मे स्कैनर से असली नोट स्कैन कर प्रिट निकाल कर उन्हें बाजार में चला दिया करते थे। चारों आरोपितों को जेल भेज दिया।

---

सिटी प्लाजा में चल रहा था नकली नोट का धंधा

शहर के श्रीराम मार्केट में सिटी प्लाजा है। यहां संदीप व गुरदीप की मोबाइल व एसेसरीज की दुकान है। पुलिस के अनुसार दोनों भाई यहां मोबाइल के काम की आड़ में नकली नोट छाप रहे थे। सोमवार को जब चिलकाना पुलिस ने दोनों भाइयों को पकड़ा तो मोबाइल व्यापारियों में खलबली मच गई।

Posted By: **Jagran**

**Source:** https://www.jagran.com/uttar-pradesh/saharanpur-four-arrested-with-fake-currency-19447408.html